आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

गुरुवार 30.10.2025

समय 07.20

पहले मुख्य समाचार :–

- प्रदेश के सभी जिलों में आगामी 15 नवंबर को भूकंप और इससे जुड़ी आपदाओं से निपटने की तैयारियों को परखने के लिये राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी।
- उत्तराखंड की सभी 671 सहकारी समितियां कंप्यूटरीकृत हुईं।
- उद्यान विभाग की ओर से हर्षिल घाटी के सेब काश्तकारों को कोल्ड स्टोरेज में सेब उपलब्ध कराने की अंतिम तिथि एक नवंबर निर्धारित की गई।
- कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व को लेकर हरिद्वार के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था के लिए विशेष कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए।

मॉक ड्रिल

आगामी 15 नवंबर को राज्य के सभी 13 जिलों में भूकंप पर राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। इसका उद्देश्य भूकंप और उससे जुड़ी आपदाओं से निपटने की तैयारियों को परखना और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को मजबूत करना है।

सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन की अध्यक्षता में देहरून में आयोजित बैठक में मॉक ड्रिल की तैयारियों पर चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि 12 नवंबर को टेबल टॉप एक्सरसाइज आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी जनपद अपनी तैयारियों, संसाधनों और योजनाओं की जानकारी देंगे। इसके बाद 15 नवंबर को वास्तविक मॉक ड्रिल की जाएगी।

मॉक ड्रिल के दौरान इवैकुएशन प्लान का पूर्वाभ्यास, राहत शिविरों की स्थापना और वहां बिजली, पानी, भोजन, स्वास्थ्य व सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की जाएगी।

श्री सुमन ने कहा कि उत्तराखंड भूकंप की दृष्टि से अति संवेदनशील राज्य है, इसलिए समुदाय स्तर पर भी प्रभावी तैयारी जरूरी है और उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, भूकंप चेतावनी प्रणाली को सशक्त बनाने पर कार्य कर रहा है। आईआईटी रुड़की के सहयोग से सायरन और सेंसरों की संख्या बढ़ाई जा रही है और "भूदेव एप" विकसित किया गया है, जो पांच से अधिक तीव्रता के भूकंप पर अलर्ट भेजेगा।

अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता मेला

उत्तराखंड की सभी 671 सहकारी समितियों को कंप्यूटरीकृत कर लिया गया है। इनमें से 24 समितियां जन औषधि केंद्र के रूप में कार्य कर रही हैं और 640 समितियों को कॉमन सर्विस सेंटर बनाया गया है। पिथौरागढ़ में "अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025" के उपलक्ष्य में आयोजित सहकारिता मेले में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यह बात कही।

मेले में मुख्यमंत्री ने पचासी करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्या भी किया। उन्होंने कहा कि ये योजनाएं पिथौरागढ़ के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होंगी।

श्री धामी ने बताया कि प्रदेश के सहकारी बैंकों में 16 हजार करोड़ रुपये से अधिक की जमापूंजी है, जो जनता के भरोसे को दर्शाती है। महिला उद्यमिता को भी सहकारी समितियों से प्रोत्साहन मिला है और राज्य की 1 लाख 70 हजार से अधिक महिलाएं "लखपति दीदी" बनी हैं।

रोजगार मेला

उत्तराखंड राज्य स्थापना के रजत जयंती सप्ताह के अवसर पर कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग द्वारा 6 नवंबर को आईटीआई निरंजनपुर, देहरादून में वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा।

इस मेले में प्रदेश के युवाओं को देश और विदेश में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए फार्मा, मैन्युफैक्चरिंग, हॉस्पिटैलिटी, सर्विस, सिक्योरिटी, मार्केटिंग, ऑटोमोबाइल और हेल्थकेयर जैसे क्षेत्रों की 40 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी। इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार के अवसरों की जानकारी देने के लिए भी संस्थाएं उपस्थित रहेंगी।

मेले में 8वीं से लेकर स्नातकोत्तर, आईटीआई, डिप्लोमा, डी–फार्मा और बी–फार्मा योग्यता वाले अभ्यर्थियों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

रोजगार महोत्सव के तहत विभिन्न विभागों, जैसे कौशल विकास, उद्योग और पर्यटन विभाग द्वारा सेक्टोरल सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें सफल उद्यमी, विषय विशेषज्ञ और स्टार्टअप प्रतिनिधि युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार योजनाओं के प्रति प्रेरित करेंगे।

मेले में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थी क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय में पंजीकरण करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय देहरादून से संपर्क किया जा सकता है।

सेब खरीद

उत्तरकाशी जिले में उद्यान विभाग की ओर से हर्षिल घाटी के सेब काश्तकारों को कोल्ड स्टोरेज में सेब उपलब्ध कराने की अंतिम तिथि एक नवंबर तय की गई है। अब तक विभाग ने क्षेत्र के करीब 184 काश्तकारों से लगभग 227 मीट्रिक टन सेब खरीदकर झाला स्थित कोल्ड स्टोरेज में रखा है।

सहायक उद्यान अधिकारी टी.एस. पुंडीर ने बताया कि इस वर्ष हर्षिल घाटी में करीब तीन हजार मीट्रिक टन सेब का उत्पादन हुआ है। इनमें से 227 मीट्रिक टन सेब उद्यान विभाग द्वारा खरीदे जाकर कोल्ड स्टोरेज में जमा किए गए हैं। उन्होंने कहा कि एक नवंबर तक सेब की खरीद जारी रहेगी, जिसके बाद काश्तकारों को भुगतान की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

गौरतलब है कि पांच अगस्त को धराली आपदा के दौरान गंगोत्री हाईवे के कई स्थानों पर बंद होने से सितंबर माह में हर्षिल घाटी में सेब के खरीदार और मंडियों से व्यापारी नहीं पहुँच पाए थे। इसके बाद मुख्यमंत्री ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों के सभी काश्तकारों के सेब प्रदेश सरकार द्वारा खरीदने की घोषणा की थी। उद्यान विभाग ने रॉयल डिलीशियस सेब 51 रुपये प्रति किलो, रेड डिलीशियस व अन्य प्रजातियाँ 45 रुपये प्रति किलो तथा सी–ग्रेड सेब 13 रुपये प्रति किलो की दर से खरीदे हैं।

निर्देश

कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व को लेकर हरिद्वार के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था के लिए विशेष कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने मां मनसा देवी मंदिर पहुंचकर निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने निर्देश दिया कि मंदिर परिसर में बन रही स्थायी चौकी को कार्तिक पूर्णिमा से पूर्व संचालित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रभावी भीड़ प्रबंधन योजना बनाई जाए। भीड़ अधिक बढ़ने पर केवल मुख्य मंदिर को ही खुला रखने और श्रद्धालुओं के आवागमन को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

सुरक्षा के दृष्टिगत उन्होंने 2 से 6 नवंबर तक सभी निर्माण और मरम्मत कार्यों को रोकने तथा भीड़ अधिक होने की स्थिति में रोपवे का संचालन बंद रखने के निर्देश भी दिए।

तैयारियां

राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में तीन नवंबर को विधानसभा में आयोजित विशेष सत्र के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण को लेकर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारियों की बैठक ली।

बैठक में विधानसभा अध्यक्ष ने सत्र के संचालन और सुरक्षा व्यवस्थाओं से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को समय पर समस्त व्यवस्थाएँ पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह विशेष सत्र उत्तराखंड के लिए ऐतिहासिक होगा।

बैठक में निर्णय लिया गया कि राष्ट्रपति के आगमन और संबोधन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, मीडिया कवरेज, फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी की सूची पूर्व निर्धारित की जाएगी। विधानसभा परिसर में प्रवेश, आवागमन एवं बैठक से संबंधित सभी गतिविधियों के लिए विशेष पास प्रणाली लागू की जाएगी। सत्र का सीधा प्रसारण सूचना विभाग के माध्यम से किया जाएगा।

इधर, राष्ट्रपति मुर्मु के प्रस्तावित देहरादून आगमन को लेकर यातायात पुलिस ने अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। पुलिस अधीक्षक (यातायात) लोकजीत सिंह ने सीओ ट्रैफिक, टीआई और एसओ नेहरू कॉलोनी के साथ विधानसभा क्षेत्र के आसपास का निरीक्षण किया।

शिविर आयोजन

चम्पावत जिले की ग्राम पंचायत पोथ के प्रधानमंत्री जनमन गांव खिरद्वारी में आधार और समान नागरिक संहिता– यू०सी०सी पंजीकरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर की अध्यक्षता ग्राम प्रधान निशा सामंत ने की।

खिरद्वारी वनराजी जनजाति बहुल और दुर्गम क्षेत्र में स्थित ग्राम है। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद ग्रामीणों ने शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

शिविर के दौरान 30 से 35 लोगों के आधार कार्ड अपडेट किए गए, यूसीसी के 15 आवेदन प्राप्त हुए, किसान सम्मान निधि के 15 ई–केवाईसी और मनरेगा के 24 ई–केवाईसी पूरे किए गए।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर

मुंबई में इंडिया मैरीटाइम लीडर्स कॉन्क्लेव में प्रधानमंत्री का संबोधन सभी समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया है। श्री मोदी के हवाले से हिन्दुस्तान समाचार पत्र का शीर्षक है– पोत परिवहन क्षेत्र में निवेश का सही समय। अमर उजाला लिखता है– वैश्विक तनाव व व्यापार बाधाओं के बीच प्रकाश का केंद्र बना भारत।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हरियाणा के अंबाला स्थित वायुसेना स्टेशन से राफेल लड़ाकू विमान में उड़ान भरने की ख़बर पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है – राष्ट्रपति ने पहली बार राफेल में उड़ान भरी। राष्ट्रीय सहारा राष्ट्रपति के हवाले से लिखता है– देश की रक्षा क्षमताओं पर गर्व।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी के उच्च हिमालयी क्षेत्र स्थित मिलम पहुंचकर चीन सीमा पर देश की सुरक्षा में तैनात आइटीबीपी के जवानों से मुलाकात की। इस पर राष्ट्रीय सहारा ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है– देश की सीमाओं की रक्षा में जवानों का योगदान अतुलनीय। अमर उजाला की सुर्खी है– मिलम पहुंचने वाले पहले सीएम बने धामी।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर–

- प्रदेश के सभी जिलों में आगामी 15 नवंबर को भूकंप और इससे जुड़ी आपदाओं से निपटने की तैयारियों को परखने के लिये राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी।
- उत्तराखंड की सभी 671 सहकारी समितियां कंप्यूटरीकृत हुईं।
- उद्यान विभाग की ओर से हर्षिल घाटी के सेब काश्तकारों को कोल्ड स्टोरेज में सेब उपलब्ध कराने की अंतिम तिथि एक नवंबर निर्धारित की गई।
- कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व को लेकर हरिद्वार के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था के लिए विशेष कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए।